



# यात्री बस खेत में पलटी, 25 घायल

**'छत्तीसगढ़' संवाददाता**

**रायगढ़,** 12 जुलाई। शनिवार की सुबह एक यात्री बस खेत में पलट गई। इस घटना में बस में सवार 25 यात्री घायल हो गए। जिसमें 09 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार की सुबह तकरीबन 9 बजे के आसपास तोलमा से रायगढ़ के बीच चलने वाली यात्री बस पलट गई। इस घटना में सवार में 25 यात्री घायल हो गए है, जिसमें 9 यात्रियों को तेजराम, सुकांति सिदार, ललिता भगत, सुंदरमति चौहान, हरिराम खडिया, मंगलराम निषाद, नत्थुराम यादव के अलावा अन्य लोगों को तमनार अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

बताया जा रहा है कि रोजाना की भांति सितारा बस यात्रियों को लेकर अपने गंतव्य के लिये रवाना हुई थी। यात्री बस जब मिलुपारा-कोडकेल गांव के पास स्थित ढलान में पहुंची ही थी कि बस चालक अपने वाहन पर नियंत्रण खो बैठा जिससे यात्री बस खेत में पलट गई।

अचानक इस घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई और देखते ही देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई।

मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल यात्री बस पलटने की जानकारी तमनार पुलिस को दी जिसके बाद दो एंबुलेंस की सहायता से घायलों को अस्पताल ले जाया गया। तमनार पुलिस इस मामले में बस चालक के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पेड़ से टकराई, युवती सहित 2 की मौत, 3 गंभीर

**'छत्तीसगढ़' संवाददाता**

**अंबिकापुर,** 12 जुलाई। अंबिकापुर-बनारस मार्ग में शहर से लगे चठिरमा बैरियर के समीप मोड़ के पास एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में एक युवक एवं एक युवती शामिल हैं।

बताया जा रहा है कि स्कॉर्पियो काफी तेज गति में था, जिसके कारण वह मोड़ के पास वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे नीचे सीधे पेड़ में मार दिया। इस घटना में वाहन के परखच्चे उड़ गए और स्कॉर्पियो में बैठे तीन और लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जा रहा है कि स्कॉर्पियो में सवार सभी पांचों युवक व की युवती नशे में धुत थे और वे अंबिकापुर से भटगांव की ओर जा रहे थे।





## सभी नशे में धुत थे

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात सरगुजा जिला के अंबिकापुर नगर से लगे एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन अंबिकापुर-बनारस रोड में चठिरमा मोड़ के पास सड़क किनारे पेड़ में जा घुसी। कार में दो लड़कियां और तीन लड़के सवार थे, सभी नशे में धुत थे।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो सवार सीटों से उछल गए। वाहन के सामने के दोनों एयरबैग खुल गए, सामने बैठे लोग घायल हो गए। पीछे बैठी एक नाबालिग छात्रा प्रमिला खुशी और युवक जतिन कुजूर की मौत हो गई। बताया जा रहा है सभी कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं है।

मृतकों में जतिन कुमार कुजूर (19 वर्ष) जरिया जशपुर एवं प्रमिला खुशी (17 वर्ष) भिट्ठीकला के रहने वाले थे। घायलों में वाहन चालक ड्राइवर अर्पित बड़ा (17 वर्ष) निवासी सीतापुर, सारिका मिंज (17 वर्ष) अनुपम राम (17 वर्ष) हैं। सभी घायलों का उपचार अंबिकापुर नगर के अलग-अलग अस्पतालों में जारी है।

# मारपीट, 2 नाबालिग समेत 6 आरोपी गिरफ्तार

**'छत्तीसगढ़' संवाददाता**

**रायगढ़,** 12 जुलाई। गांधीनगर, जूटमिल में मारपीट की घटना के बाद जूटमिल पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार बालिग सहित दो विधि के साथ संघर्षरत बालकों को गिरफ्तार कर न्यायालय में रिमांड पर पेश किया है। घटना 10 जुलाई की रात की है जब थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव को सूचना मिली कि गांधीनगर में कुछ लड़कों द्वारा मारपीट की जा रही है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आहत से पूछताछ कर आरोपियों की पहचान करते हुए सभी को हिरासत में लिया।



घटना के संबंध में ग्राम चुरेला, सारंगढ़-बिलाईगढ़ निवासी प्रिंस भारद्वाज (20 वर्ष) ने थाना जूटमिल में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सराईभदर, रायगढ़ में अपनी मौसी के घर शादी समारोह में आया था। रात करीब 10.30 बजे वह अपनी दीदी और जीजा को मोटरसाइकिल से छोड़कर लौट रहा था, तभी गांधीनगर में रास्ता रोककर बादल यादव, वंश रात्रे और उनके अन्य साथियों ने पैसे की मांग करते हुए गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। किसी तरह भागकर उसने अपनी मौसी को घटना की जानकारी दी और फिर परिजनों के साथ थाना जा रहा था, तभी रात करीब 11. 30 बजे वही युवक दोबारा रास्ता रोककर गाली-गलौज करने लगे और डंडे व लात-घूंसे से मारपीट की। बीच-बचाव करने आए प्रार्थी के माता-पिता और भाई के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की।

जूटमिल पुलिस ने गांधीनगर के वंश रात्रे, करन भारद्वाज, बादल यादव, युवराज उर्फ गोपी टंडन और दो विधि के साथ संघर्षरत बालकों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त डंडा भी जब्त कर लिया है।

चूंकि यह बलवा और सामूहिक मारपीट की गंभीर घटना थी, इसलिए आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की धारा 126(2), 119(1), 296, 351(3), 115(2), 191(2), 191(3) के तहत अपराध क्रमांक 241ध्2026 में अपराध पंजीबद्ध कर सभी आरोपियों को न्यायालय में रिमांड पर भेजा गया है।



# बोजिया में विकास कार्यों की रफ्तार तेज
## स्ट्रीट लाइट सुधारी, बहा पुल भी बन रहा

**'छत्तीसगढ़' संवाददाता**

**रायगढ़,** 12 जुलाई। ग्राम पंचायत बोजिया में स्थानीय जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में सराहनीय पहल की जा रही है।

ग्राम सरपंच भगतराम राठिया के नेतृत्व में लंबे समय से खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट को आखिरकार ठीक करवा दिया गया है, जिससे अब कातिकेश्वर मंदिर क्षेत्र सहित आस-पास के रास्ते रात में रोशन होंगे। इससे श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को रात्रि में आवाजाही में सुविधा मिलेगी और सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सकेगी।



इसके साथ ही बारिश के कारण बोजिया-कटाईपाली-चितापाली मार्ग पर बहा हुआ पुल ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बन गया था। अब ग्राम पंचायत द्वारा इस क्षतिग्रस्त पुल के निर्माण कार्य को भी प्रारंभ कर दिया गया है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद तीनों गांवों के बीच आवागमन फिर से सुगम हो सकेगा। गांववासियों ने सरपंच द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उम्मीद जताई है कि आगे भी इसी तरह बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाती रहेगी।

## आईजी ने पुलिस के पौधरोपण अभियान की सराहना

**'छत्तीसगढ़' संवाददाता**

**रायगढ़,** 12 जुलाई। पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज डॉ. संजीव शुक्ला रायगढ़ प्रवास के दौरान पुलिस नियंत्रण कक्ष में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना एवं चौकी प्रभारियों के साथ बैठक लेने के पश्चात उर्दना स्थित पुलिस फायरिंग रेंज पहुंचे, जहां उन्होंने फायरिंग रेंज परिसर में चल रहे वृक्षारोपण कार्यों का निरीक्षण किया और अभियान की सराहना करते हुए स्वयं भी पौधारोपण किया।



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने फायरिंग रेंज में किए जा रहे संरक्षण कार्यों की जानकारी देते हुए बताया गया कि लगभग साढ़े चार एकड़ में फैले फायरिंग रेंज को पहले चारों ओर घेराव कर सुरक्षित किया गया है। मवेशियों से पौधों की रक्षा के लिए परिधि पर खुदाई कर मजबूत मेड़ बनाई गई है और सभी पौधों को टी-गार्ड से संरक्षित किया गया है। इस मानसून सत्र में अब तक 800 से अधिक फलदार एवं छायादार पौधे लगाए जा चुके हैं।



## बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देना भी आवश्यक -राजीव प्रताप

**'छत्तीसगढ़' संवाददाता**

**भैयाथान,** 12 जुलाई। विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सत्यनगर में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें नव प्रवेशी 9 बच्चों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर, पाठ्य पुस्तक और गणवेश का वितरण कर शाला प्रवेश कराया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह, अध्यक्षता जनपद सदस्य प्रतिनिधि अभय प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि अमन प्रताप सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता के छाया चित्र में दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह ने कहा कि प्रवेश उत्सव के माध्यम से यह सुनिश्चित करना है, कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। हर बच्चा स्कूल जाए, यह संकल्प शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी से ही हम शिक्षित व आत्मनिर्भर राज्य का निर्माण कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि शिक्षा ही भविष्य की नींव है। ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षणिक वातावरण को समृद्ध करने के लिए ऐसे आयोजन का महत्वपूर्ण योगदान है। बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देना भी आवश्यक है। स्कूल प्रारंभिक जीवन की दिशा तय करता है। सभी पालक अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजें। बच्चों से स्कूल में क्या पढ़ाया, इसकी जानकारी भी लें। कार्यक्रम को अभय प्रताप सिंह, अमन प्रताप सिंह, सहित अन्य ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रतिमा एक्का ने की।

## गणित का चौराहा - 5757

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | × | 3 | - | 8 | -5 |
| - | ■ | + | ■ | + | |
| 5 | - | 9 | × | 6 | -49 |
| + | ■ | × | ■ | + | |
| 2 | + | 4 | × | 7 | 30 |
| -2 | | 39 | | 21 | |

## सुडोकू- 6837 का हल (M)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 3 | 5 | 8 | 9 | 4 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 4 | 2 | 3 | 7 | 6 | 5 | 1 |
| 5 | 7 | 2 | 6 | 4 | 1 | 8 | 9 | 3 |
| 6 | 3 | 1 | 7 | 2 | 8 | 9 | 4 | 5 |
| 7 | 4 | 5 | 1 | 9 | 6 | 3 | 2 | 8 |
| 8 | 2 | 9 | 3 | 5 | 4 | 1 | 6 | 7 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 5 | 8 | 4 |
| 4 | 5 | 7 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 9 |
| 2 | 9 | 8 | 4 | 1 | 5 | 7 | 3 | 6 |

## मिनी सुडोकू-5698 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 3 | 6 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 2 | 4 | 3 |
| 4 | 6 | 1 | 5 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 5 | 4 | 1 | 6 |
| 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 5 |
| 1 | 5 | 2 | 3 | 6 | 4 |



# वसूली के लिए धमकी, सूदखोर गिरफ्तार, गिरवी रखे 19 बाइक बरामद

**'छत्तीसगढ़' संवाददाता**

**बिलासपुर,** 12 जुलाई। सरकंडा इलाके में बिना लाइसेंस के कर्ज देकर लोगों को प्रताड़ित करने वाले सूदखोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी महेश कुमार डहरिया ने आसपास के लोगों को जरूरत के वक्त ब्याज पर पैसे दिए, लेकिन इसके बदले उनकी मोटर साइकिल और कागजात अपने पास गिरवी रख लेता था।

पंधी गांव के भागवत प्रसाद सूर्यवंशी ने इसकी शिकायत सरकंडा थाने में की थी। भागवत को पैसों की जरूरत पड़ी तो उसने महेश डहरिया से उधार लिया। महेश ने मोटर साइकिल गिरवी रखवा ली और 5 प्रतिशत ब्याज तय कर दिया। लेकिन एक महीना भी पूरा नहीं हुआ कि महेश ने ब्याज और गाड़ी के कागज के नाम पर भागवत से पैसे मांगे, नहीं देने पर गाड़ी डूबा देने और मारपीट की धमकी भी दी।

परेशान होकर भागवत ने थाने में रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि महेश ने ऐसे ही कई लोगों की गाड़ियां गिरवी रखकर रखा है। सरकंडा पुलिस ने महेश को गांव से पकड़कर पूछताछ की तो उसने 19 मोटर साइकिलें गिरवी रखने की बात कबूल ली। पुलिस ने सभी गाड़ियां उसके बाड़ी से बरामद कर ली हैं। महेश के पास कर्ज बांटने का कोई लाइसेंस नहीं था। अब पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# पीसीसी अध्यक्ष बैज पहुंचे पूर्व उपाध्यक्ष के निवास

**'छत्तीसगढ़' संवाददाता**

**नवापारा राजिम,** 12 जुलाई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज का मैनपुर क्षेत्र के दौरे पर जाते समय नवापारा के दीनदयाल उपाध्याय चौक में कांग्रेसजनों ने आतिशबाजी के साथ नगर आगमन पर स्वागत किया। इसके पश्चात मैनपुर रवाना हुए। मैनपुर में जन न्याय पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर खाना किया।

वहीं वापसी में नवापारा में पूर्व नपा.उपाध्यक्ष जीत सिंह के निवास पहुंचे। जहां पूर्व विधायक धनेंद्र साहू, पूर्व नपा अध्यक्ष धनराज मध्यानी, नपा नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठन के विस्तार सहित आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने और क्रियान्वयन करने संबंधी टिप्स दिए। इसके पश्चात मीडिया से बातचीत के दौरान दीपक बैज ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला।



उन्होंने कहा राज्य में किसान खाद के लिए परेशान हैं, स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं, और मंत्री मुख्यमंत्री रिमोट कंट्रोल से चल रहे, रेत माफिया, पत्रकारों पर हमला, थाने मे सुरक्षा नही तो आम जनता का क्या बचाने के लिए आगे आना होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य यशवंत धनेन्द्र साहू ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, पूर्व नपा अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह, रामा यादव, पूर्व उपाध्यक्ष चतुर जगत, पार्षद अजय साहू, अर्जुन साहू, राजा चावला, सुरेंद्र साहू, अशोक गोलछा, शैलेंद्र साहू, हेमंत साहनी, टिकेश्वर गिलहरे, रामरतन निषाद, दीपाली सिंह राजपूत, तरुण कंसारी, महामंत्री राजा चावला, उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस निर्माण यादव, राकेश सोनकर, शाहिद रजा, सचिन बंगानी, सुनील साहू, रामकुमार शर्मा, वीरेंद्र राजपूत सहित बड़ी संख्या कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लापरवाही बरतने वालों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश

**'छत्तीसगढ़' संवाददाता**

**रायगढ़,** 12 जुलाई। पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज डॉ. संजीव शुक्ला ने कल जिला पुलिस कार्यालय रायगढ़ के नियंत्रण कक्ष में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना एवं चौकी प्रभारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक की शुरुआत उन्होंने 1 जुलाई 2024 से लागू हुए नए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा के साथ की और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए बुनियादी पुलिसिंग की आवश्यकता पर बल दिया।

आईजी ने कहा कि गृह मंत्रालय एवं राज्य पुलिस मुख्यालय द्वारा नए कानूनों के तहत कार्यों की लगातार समीक्षा की जा रही है तथा पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा भी इसके सफल क्रियान्वयन हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने नये कानून के तहत अपराध अनुसंधान में ई-साक्ष्य, क्राइम मैक्स एवं नेट ग्रिड जैसे नवीन डिजिटल उपकरणों के अधिकतम उपयोग की आवश्यकता बताई तथा फॉरेंसिक टीम की साझेदारी को अनिवार्य बताया।



बैठक में उन्होंने विगत छह महीनों में रायगढ़ पुलिस के किए गए कार्यों का गहन मूल्यांकन किया। उन्होंने कहा कि बेसिक पुलिसिंग ही अपराध नियंत्रण और विवेचना की नींव है, और इसके प्रभावी क्रियान्वयन से पुलिसिंग में पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित होती है। उन्होंने अधिकारियों को अधीनस्थों के कार्यों का नियमित मूल्यांकन करने, अच्छा कार्य करने वाले कर्मियों को प्रोत्साहित करने और लापरवाही बरतने वालों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश करने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुशासन, तकनीकी दक्षता और जनता से समन्वय पर आधारित एक उत्तरदायी और जनहितकारी पुलिस व्यवस्था की अपेक्षा व्यक्त की।

## वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र को पत्नी शोक

**राजनांदगांव,** 12 जुलाई। शहर के वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र व्यास की धर्मपत्नी श्रीमती अलका व्यास का बीती शाम को हृदयघात से निधन हो गया। स्व. श्रीमती व्यास सेवानिवृत्त शिक्षिका थी। 62 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। शनिवार दोपहर बाद उनकी अंतिम यात्रा स्थानीय निवास लालबाग हाउसिंग बोर्ड कालोनी से निकाली गई। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु, परिजन समेत पत्रकारगण शामिल हुए। श्रीमती व्यास के निधन पर प्रेस क्लब अध्यक्ष सचिन अग्रहरि, संरक्षक जितेन्द्र मिश्रा, सुशील कोठारी, प्रेस क्लब उपाध्यक्ष प्रदीप मेश्राम, संतोष दुबे, संदीप साहू, प्रेस क्लब सोसायटी अध्यक्ष मिथलेश देवांगन समेत प्रेस क्लब के सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



## Name, Fame and Game-5757 Solution

अगर आप कुछ नाम ढूंढ न पाए हों तो यहां दिए गए उत्तरों की मदद लें। नामों को आड़ी और खड़ी कतारों के नंबर व उनकी दिशा के आधार पर ढूंढें

(Over,Down,Direction)

Assam
Bihar
Chhattisgarh
Gujarat
Haryana
Jharkhand
Karnataka
Kerala
Maharashtra
Manipur
Meghalaya
Mizoram
Nagaland
Odisha
Punjab
Rajasthan
Sikkim
TamilNadu
Telangana
Tripura
UttarPradesh

पेज 6 से आगे

## हम फिर उतने के उतने अधूरे...

समय जो कि अनंत है, वासनाओं से छोटा पड़ जाता है। मौत जब भी द्वार पर आई, ययाति कंपने लगा। हम सब की भी वही दशा है। और ययाति की कथा हमें लगेगी कि काल्पनिक है, लेकिन समझने जाएं, तो हम भी इस तरह बहुत— से जन्म ले चुके हैं और बहुत हजारों वर्ष जी चुके हैं। हमारी भी यह कोई पहली जिंदगी नहीं है। हर जिंदगी में हमने यही किया है। फिर समय मांगा है, हमें फिर जन्म मिल गया है। हर बार वासना अधूरी रही है। हम पुनर्जन्म पा गए हैं। और हर बार जब मौत आती है, तो हम फिर उतने के उतने अधूरे हैं। कहीं कुछ भरता नहीं है। (गीता दर्शन)

**संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल व्यावसायिक परिसर**
**द्वितीय तल, सेक्टर-27, नवा रायपुर, अटल नगर (छत्तीसगढ़)**
E-mail: www.sanskriti.rajbhasha@gmail.com.in, Webside: www.cgculture.in
Phone no : 0771-2995629 (P)

क्रमांक 6599/संस्कृति एवं राजभाषा/निविदा/2026 रायपुर, विनांक 11.07.20025

**संशोधित निविदा संक्षिप्त सूचना**

संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा के विज्ञापन क्र. 6365/सं.रा./निविदा 2025 दिनांक 09.06.2025 के तहत द्वारा **दो वर्ष** के लिए विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों/सम्मेलनों/प्रदर्शनी/संगोष्ठियां/कार्यशालाओं में राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की भागीदारी को सुगम बनाने हेतु ऑनलाईन निविदा निविदाकर्ताओं के एम्पैनलमेंट हेतु निविदा प्रकाशित किया गया था। निविदा के शर्त क्र. 10 में L1 में 04 निविदा कर्ताओं का ही वित्तीय प्रस्ताव खोला जाना था उसमें संशोधन करते हुए विभाग द्वारा निर्णय लिया गया है कि तकनीकी मूल्यांकन में न्यूनतम अंक प्राप्त करने वाले सभी निविदा कर्ताओं का वितीय प्रस्ताव खोला जावेगा।

**संचालक**
**जी-252602147/1 संस्कृति एवं राजभाषा**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, गोबरा नवापारा**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक/ /तह./वाचक-2/2025
नवापारा, दिनांक 04.07.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद एजाज रजा पिता मोहम्मद हमीद निवासी वार्ड नं. 04 गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा स्वयं की जन्म दिनांक 01.01.1991 को स्थान गोबरा नवापारा तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर में होने से जन्म पंजीयन नहीं कराने के कारण अपने स्वयं की जन्म प्रमाण पत्र दिये जाने का आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया गया। जिसकी सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 17.07.2025 को नियत है।

उपरोक्त संबंध मे जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता / अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा, नियत दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है. बाद मे आये दावा / आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**गोबरा नवापारा**